अनुक्रमांक : ____________ नाम : ____________

**932** **825 (CQ)**

# 2025
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं। मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8 + 2 मानचित्र

**सामान्य निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड, खण्ड - अ तथा खण्ड - ब हैं।

(iii) खण्ड - अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(iv) खण्ड - अ के प्रत्येक प्रश्न के निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें।

(v) ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें।

(vi) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vii) खण्ड - ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(viii) खण्ड - ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही दें।

(ix) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(x) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(xi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड - 'अ'
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **1 × 20 = 20**

1. "जब फ्रांस छींकता है, बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।" यह कथन किसका है ? **1**

   (A) मेटरनिख

   (B) ज्यूसेपे गैरीबाल्डी

   (C) नेपोलियन बोनापार्ट

   (D) ऑटो वॉन बिस्मार्क

2. जर्मनी के एकीकरण में मुख्य भूमिका किसकी थी ? **1**

   (A) विलियम प्रथम

   (B) ऑटो वॉन बिस्मार्क

   (C) ज्यूसेपे गैरीबाल्डी

   (D) काबूर

3. ब्रिटेन में 'कार्न ला' समाप्त करने का क्या मुख्य कारण था ? **1**

   (A) जनसंख्या में वृद्धि

   (B) उद्योगपतियों एवं शहरियों का विरोध

   (C) कार्न आयात पर नियंत्रण

   (D) कृषि उत्पादों की अधिकता

4. 'अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष' की स्थापना कब हुई थी ? **1**

   (A) 1940

   (B) 1942

(C) 1943

(D) 1944

5. 'गुलामगिरी' नामक पुस्तक किस प्रकार की समस्या से सम्बन्धित है ? **1**

(A) जाति व्यवस्था

(B) साम्प्रदायिकता

(C) अस्पृश्यता

(D) बाल विवाह

6. बेल्जियम की सामुदायिक सरकार में किसके मध्य सत्ता की साझेदारी है ? **1**

(A) विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य

(B) शासन के विभिन्न अंगों के मध्य

(C) केन्द्रीय और राज्य सरकारों के मध्य

(D) राज्य सरकार एवं सामुदायिक सरकार के मध्य

7. महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को निम्नलिखित में से किस संस्था को दिया गया है ? **1**

(A) लोक सभा

(B) विधान सभाएँ

(C) दिल्ली विधान सभा

(D) उपरोक्त सभी

8. साम्प्रदायिकता की समस्या कब प्रारम्भ होती है ? **1**

(A) धर्म को राष्ट्र का आधार मान लिया जाए।

(B) किसी धर्म को राजनीति से जोड़ दिया जाए।

(C) सभी धर्मों का समान आदर किया जाए।

(D) (A) और (B) दोनों

9. भारत में कितने राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं ? **1**

(A) चार

(B) पाँच

(C) छः

(D) सात

10. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध लोकतंत्र से नहीं है ? **1**

(A) उत्तरदायी शासन

(B) बहुसंख्यकों का शासन

(C) स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन

(D) कानून के समक्ष समानता

11. निम्नलिखित में से किस प्रान्त में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है ? **1**

(A) पंजाब

(B) हरियाणा

(C) उत्तरप्रदेश के मैदान

(D) उत्तराखण्ड

12. भारतीय वन्य जीवन (रक्षण) अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ? **1**

(A) 1970

(B) 1972

(C) 1974

(D) 1976

13. झारखण्ड में स्थित कोडरमा निम्नलिखित में से किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है ? **1**

(A) बॉक्साइट

(B) कोयला

(C) लौह-अयस्क

(D) अभ्रक

14. काली मिट्टी में मुख्य रूप से कौन-सी फसल उगायी जाती है ? **1**

(A) रबर

(B) मक्का

(C) कपास

(D) चावल

15. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य हजीरा विजयपुर-जगदीशपुर पाइपलाइन से नहीं जुड़ा है ? **1**

(A) मध्यप्रदेश

(B) गुजरात

(C) महाराष्ट्र

(D) उत्तरप्रदेश

16. किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है ? **1**

(A) प्रति व्यक्ति आय

(B) औसत साक्षरता स्तर

(C) स्वास्थ्य स्थिति

(D) उपरोक्त सभी

17. दुग्ध उत्पादन क्रिया को किस क्षेत्रक में सम्मिलित किया जाता है ? **1**

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) चतुर्थक

18. निम्नलिखित में से कौन ऋण के औपचारिक स्रोतों में शामिल है ? **1**

(A) बैंक

(B) साहूकार

(C) नियोक्ता

(D) व्यापारी

19. भारत में कौन केन्द्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट जारी करता है ? **1**

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) भारत सरकार

(C) राज्य सरकार

(D) राज्यपाल

20. विश्व के देशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश का सबसे अधिक सामान्य तरीका है - **1**

(A) नई कम्पनियों की स्थापना

(B) स्थानीय कंपनियों को खरीद लेना

(C) स्थानीय कंपनियों से साझेदारी करना

(D) विकासशील देशों पर कब्जा कर लेना

## PART - 'A'

**(Multiple Choice Type Questions)**

**Instruction:** Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR Sheet. **1 × 20 = 20**

1. "When France sneezes, the rest of Europe catches a cold." Who said this statement ? **1**

(A) Metternich

(B) Giuseppe Garibaldi

(C) Napoleon Bonaparte

(D) Otto Von Bismarck

2. Who had major role in the unification of Germany ? **1**

(A) William I

(B) Otto Von Bismarck

(C) Giuseppe Garibaldi

(D) Cavour

3. What was the main cause of the end of Corn Law in Britain ? **1**

(A) Increase in population

(B) Protest by industrialists and urban people

(C) Control on import

(D) Excessive agricultural products

4. When was I.M.F. formed ? **1**

(A) 1940

(B) 1942

(C) 1943

(D) 1944

5. The book 'Gulamgiri' is related to **1**

(A) Caste System

(B) Communalism

(C) Untouchability

(D) Child Marriage

6. Power is shared among which of the following in the Community Government of Belgium ? **1**

(A) Different social groups

(B) Different organs of government

(C) Central and State governments

(D) State government and Community government

7. To which institution 33% reservation has been given to women in the Women's Reservation Act, 2023 ? **1**

(A) Lok Sabha

(B) Legislative Assemblies

(C) Delhi Legislature

(D) All of the above

8. When does the problem of communalism begin ? **1**

(A) Religion becomes basis of the nation.

(B) Any one religion is related to politics.

(C) Every religion is equally treated.

(D) Both (A) and (B).

9. How many national political parties are there in India ? **1**

(A) Four

(B) Five

(C) Six

(D) Seven

10. Which is not related to democracy ? **1**

(A) Responsible Government

(B) Government of the majority

(C) Independent and impartial election

(D) Equality before law

11. In which of the following states terraced (step) farming is done ? **1**

(A) Punjab

(B) Haryana

(C) Plains of U.P.

(D) Uttarakhand

12. In which year Indian Wildlife (Protection) Act was carried of ? **1**

(A) 1970

(B) 1972

(C) 1974

(D) 1976

13. Kodarma, located in Jharkhand is the leading producer of which of the following minerals ? **1**

(A) Bauxite

(B) Coal

(C) Iron-ore

(D) Mica

14. Which crop is mainly grown in Black soil ? **1**

(A) Rubber

(B) Maize

(C) Cotton

(D) Rice

15. Which of the following states is not associated with Hazira-Vijaypur-Jagdishpur pipeline ? **1**

(A) Madhya Pradesh

(B) Gujarat

(C) Maharashtra

(D) Uttar Pradesh

16. On what basis the development of a country is determined ? **1**

(A) Per capita income

(B) Average literacy level

(C) Health situation

(D) All of the above

17. In which sector the milk production process is included ? **1**

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Quaternary

18. Which of the following is included as a formal source for loaning ? **1**

(A) Bank

(B) Money-lender

(C) Employer

(D) Businessman

19. Who issues currency note on behalf of Central Government in India ? **1**

(A) Reserve Bank of India

(B) Government of India

(C) State Government

(D) Governor

20. The most common way of investment for the multinational companies of the countries of the world, is - **1**

(A) To establish new companies

(B) Buy the local companies

(C) Partnership with local companies

(D) Capturing the developing countries

## खण्ड - 'ब' / PART - 'B'

**वर्णनात्मक-1 / Descriptive-1**

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए / Write answers of the following questions in about 80 words)

1. प्रथम विश्व युद्ध के बाद हुई आर्थिक महामंदी का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? **4**

**अथवा / OR**

विश्व-अर्थव्यवस्था के उदय के दो कारण लिखिए। **2 + 2 = 4**

2. भारत में राजनीतिक दलों के कोई दो मुख्य कार्य लिखिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

भारत में लोकतंत्र की किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। **2 + 2 = 4**

3. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों के प्रकार बताइए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

जैव-विविधता क्या है ? यह मानव जीवन के लिए क्यों उपयोगी है ? **2 + 2 = 4**

4. खुली बेरोज़गारी और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के बीच अन्तर स्थापित कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। **4**

**वर्णनात्मक-2 / Descriptive-2**

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए / Write answers of the following questions in about 150 words)

5. सत्याग्रह का क्या अर्थ है ? महात्मा गाँधी द्वारा चलाए गए किन्हीं दो सत्याग्रह आन्दोलनों का वर्णन कीजिए। **2 + 2 + 2 = 6**

**अथवा / OR**

असहयोग आन्दोलन कब चलाया गया ? इसका क्या अर्थ है ? इसके कोई दो मुख्य कारण लिखिए। **1 + 1 + 2 + 2 = 6**

6. भारत में संघीय व्यवस्था की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। $\mathbf{1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 6}$

**अथवा / OR**

बेल्जियम की शासन व्यवस्था का वर्णन कीजिए। $\mathbf{1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 6}$

7. संसाधन का अर्थ बताते हुए इनके वर्गीकरण को समझाइए। **2 + 4 = 6**

**अथवा / OR**

गैर-परम्परागत ऊर्जा संसाधन क्या होते हैं ? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए। **2 + 4 = 6**

8. आर्थिक गतिविधियों को कितने क्षेत्रकों में बाँटा गया है ? सभी की व्याख्या करें। **2 + 2 + 2 = 6**

**अथवा / OR**

वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। **2 + 4 = 6**

**मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न / Map Related Questions**

**9. (A)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन हेतु $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं : **5**

(i) वह स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह जनपद जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक बनाना प्रारम्भ किया। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) वह जनपद जहाँ चौरी-चौरा की घटना घटी थी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (A) के मानचित्र-कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

(ii) सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ कहाँ से हुआ था ? **1**

(iii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किस जनपद में हुआ था ? **1**

(iv) गाँधी जी ने नमक बनाना किस स्थान से प्रारंभ किया था ? **1**

(v) चौरी-चौरा की घटना किस जनपद में हुई थी ? **1**

**9. (B)** दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए : **5**

(i) भारत के किसी एक रेल प्रखण्ड के मुख्यालय को चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) दामोदर नदी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) पश्चिम बंगाल का एक कोयला क्षेत्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक पत्तन (बन्दरगाह) चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) गुजरात का एक सूती वस्त्रोद्योग का एक केन्द्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (B) के मानचित्र-कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) भारत के किसी एक रेल प्रखण्ड के मुख्यालय का नाम लिखिए। **1**

(ii) दक्षिण भारत की एक नदी का नाम लिखिए। **1**

(iii) पश्चिम बंगाल के एक कोयला क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

(iv) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। **1**

(v) गुजरात के सूती वस्त्रोद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए। **1**

**(English Version of Part - 'B' & Map Questions)**

**Descriptive-1** (Write answers of the following questions in about 80 words) **50 marks**

1. What was the impact of economic depression on India after First World War ? **4**

**OR**

Write two causes of the rise of World Economy. **2 + 2 = 4**

2. Mention any two main functions of political parties in India. **2 + 2 = 4**

**OR**

Give any two challenges of democracy in India. **2 + 2 = 4**

3. Explain the types of resources on the basis of origin. **2 + 2 = 4**

**OR**

What is biodiversity ? Why it is useful for human life ? **2 + 2 = 4**

4. Establish the difference between open unemployment and disguised unemployment. **2 + 2 = 4**

**OR**

Analyze the role of debt in development. **4**

**Descriptive-2** (Write answers of the following questions in about 150 words)

5. What do you mean by Satyagraha ? Describe any two Satyagrahas launched by M.K. Gandhi. **2 + 2 + 2 = 6**

**OR**

When was Non-Cooperation Movement launched ? What is its meaning ? Mention any two main causes of it. **1 + 1 + 2 + 2 = 6**

6. Describe any four characteristics of federal structure of India. **$1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ = 6**

**OR**

Describe administrative system of Belgium. **$1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ + $1\frac{1}{2}$ = 6**

7. Explain the meaning of resources and describe its classification. **2 + 4 = 6**

**OR**

What are non-conventional energy resources ? Explain any two. **2 + 4 = 6**

8. Economic activities are divided into how many sectors ? Explain all of them. **2 + 2 + 2 = 6**

**OR**

What do you mean by globalization ? Critically analyze. **2 + 4 = 6**

**Map Related Questions**

(9 A) In the given outline map of India, locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted : **5**

(i) The place where the Indian National Congress held its session in the year 1929. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) The place where Civil Disobedience Movement started. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) The district where Jallianwala Bagh incident took place. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) The place where Gandhiji started salt making. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) The district where Chauri-Chaura incident took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for Visually-Impaired examinees in lieu of Q. No. 9(A) Map work)**

Instruction - Write answers of the following questions in your answer book. Do not use Map.

(i) Where did the session of Indian National Congress take place in 1929 ? **1**

(ii) From where did the Civil Disobedience Movement begin ? **1**

(iii) In which district did the incident of Jallianwala Bagh take place ? **1**

(iv) From where did Gandhiji start salt making ? **1**

(v) In which district did the Chauri-Chaura incident take place ? **1**

**9. (B)** In the given outline map of India locate the following: **5**

(i) One Railway zone headquarter of India by symbol with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) Damodar river by symbol with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) One coal producing region of West Bengal by symbol with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) A sea port on western coast of India by symbol with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) One centre of cotton textile industry of Gujarat by symbol with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for Visually-Impaired examinees in lieu of Q. No. 9(B) Map Work)**

Instruction: Write answers of the following questions in your answer book. Do not use Map.

(i) Write the name of one Railway Zone Headquarter of India. **1**

(ii) Write the name of a river flowing in South India. **1**

(iii) Write the name of one coal-producing region of West Bengal. **1**

(iv) Write the name of a sea port on the Western Coast of India. **1**

(v) Write the name of one centre of cotton textile industry of Gujarat. **1**

**आप Up Board Hub पर अपना School/Board Center ka Raw /Real Latest Paper Pdf Bhej Kar 10₹ से 20₹ तक Reward तुरंत G-Pay पे प्राप्त कर सकते है बस PDF मे QR Code जोड़ दे**